E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (7) अपील–11/2024..........................

आदेश

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आदेश सं0–700 दिनांक–06.02.2024 के विरूद्ध अपीलार्थी सुश्री स्मिता प्रिया श्रीवास्तव, (Emp. ID No.- SKN00688), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, पश्चिम चम्पारण द्वारा "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

निर्धारित तिथि एवं समय पर अपील की सुनवाई की गयी।

उभयपक्ष उपस्थित।

उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

सुश्री स्मिता प्रिया श्रीवास्तव के नियोजन उपरान्त इनके शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों की जाँच/सत्यापन के क्रम में पाया गया कि इनका शैक्षणिक प्रमाण–पत्र प्रकाशित विज्ञापन से भिन्न अर्थात् Diploma in Civil Engineering के स्थान पर Diploma in Civil & Architecture Engineering का है, जो प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से भिन्न है।

निर्धारित शैक्षणिक न्यूनतम योग्यता से भिन्न प्रमाण–पत्र दाखिल कर नियोजन प्राप्त किये जाने के विरूद्ध भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा दिनांक–05.07.2023 को अपीलार्थी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। अपीलार्थी द्वारा ससमय स्पष्टीकरण दाखिल किया गया है। समर्पित स्पष्टीकरण में इनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि Diploma in Civil & Architecture Engineering एवं Diploma in Civil Engineering की डिग्री समकक्ष है, ये निर्धारित शैक्षणिक न्यूनतम योग्यता से भिन्न नहीं है।

समर्पित स्पष्टीकरण में अपीलार्थी द्वारा यह भी उल्लेख किया गया है कि Diploma in Civil & Architecture Engineering में तीन साल का Diploma (Lateral entry on the basis of ITI) किया गया है, जिसमें Diploma in Civil के साथ Architecture Engineering भी शामिल है।

समर्पित स्पष्टीकरण एवं संलग्न अभिलेखों की विवेचना के उपरांत निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना ने विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के पद पर नियोजन हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता Diploma in Civil Engineering से भिन्न मानते हुए अपीलार्थी का संविदा नियोजन समाप्त किया है।

अपीलार्थी का कहना है कि Diploma in Civil Engineering एवं Diploma in Civil & Architecture Engineering दोनों समकक्ष है। Diploma in Civil Engineering के साथ EIILM University में अभ्यार्थियों को अतिरिक्त विषय के रूप में Architecture पढ़ाया जाता है। Diploma परीक्षा में उर्त्तीर्ण होने पर Diploma in Civil & Architecture Engineering का प्रमाण–पत्र विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत किया जाता है। AICTE के Model Curriculum of Diploma Courses in Engineering and Technology में मेरे द्वारा पास की गई सभी विषय पढ़ाई गयी है।

अभिलेख के अवलोकन निदेशालय के मंतव्य एवं अपीलार्थी के कथन के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि Diploma in Civil Engineering एवं Diploma in Civil & Architecture Engineering दोनों समतुल्य डिग्री है। अपीलार्थी द्वारा Diploma in Civil Engineering के साथ अतिरिक्त विषय के रूप में Architecture लिया गया है।

उक्त के आलोक में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आदेश सं0–700 दिनांक–06.02.2024 को निरस्त किया जाता है तथा अपीलार्थी का अनुपस्थित अवधि को No Work No Pay मानते हुए सेवा में पुर्नबहाल किया जाता है।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

E-Mail

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–11/2024....13406....**पटना, दिनांक :–**21/08/2024

प्रतिलिपिः– सुश्री स्मिता प्रिया श्रीवास्तव, (Emp. ID No.- SKN00688), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, पश्चिम चम्पारण, Email ID-smitapriya1790@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

21.8.24
उप निदेशक–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–11/2024....13406....**पटना, दिनांक :–**21/08/2024

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), पश्चिम चम्पारण को सूचनार्थ प्रेषित।

21.8.24
उप निदेशक–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–11/2024....13406....**पटना, दिनांक :–**21/08/2024

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21.8.24
उप निदेशक–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–11/2024....13406....**पटना, दिनांक :–**21/08/2024

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

21.8.24
उप निदेशक–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–11/2024....13406....**पटना, दिनांक :–**21/08/2024

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

21.8.24
उप निदेशक–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–11/2024 13406 **पटना, दिनांक :–** 21/08/2024

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21.8.24

उप निदेशक–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
भू–अभिलेख एवं परिमाप